www.maharashtracrimes.in
Email : editor@maharashtracrimes.in

www.maharashtracrimes.blogspot.in
maharashtracrimes@gmail.com

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

वर्ष 20 | अंक 04 | मुंबई, 05 फरवरी 2021 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## फर्जी पुलिस बनी महाराष्ट्र पुलिस के लिये सरदर्द

# आम जनता और महिलाएं बन रही है फर्जी पुलिस की शिकार

**दत्ता माने द्वारा**

**नवी मुंबई :** भगवान सभी को अच्छी सूरत शक्ल और तंदरुस्ती इसलिये देता है ताकि जीवन में हर



**श्रीमान अनिल पाटिल**
(सी.बी.डी. पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक)

एक व्यक्ति अपने आपको देख कर भगवान को याद रखे और उसका आभार प्रकट करे. भगवान की दी गई वस्तुओं का सही प्रयोग करें लेकिन कहावत है कि ज्यादा खाना खाने से मनुष्य का पाचन शक्ती खराब हो जाती है, जिस तरह कुत्ते को घी पिलाने पर उसे उल्टी हो जाती है, ठीक उसी तरह इस धरती पर ऐसे मनुष्य हैं, जो आपने आपको बहुबली समझने लगते हैं।

आये दिन अखबारों व टी.वी.पर महानगरों की खबर में यह जरुर पढ़ने और देखने को मिलता है कि कुछ लोग पुलिस अधिकारी बनकर किसी कंपनी के मालिक से अच्छी खाशी रकम ले गये या फिर किसी महिलाओं से उनके गहने उतार लेते है, इस तरह की महानगरों के पुलिस थानों में बहुत से शिकायत दर्ज हैं और यह भी माना जाता है कि पुलिस उन फर्जी पुलिस अधिकारियों तक नहां पहुंच पाती, इसलिए कि इन फर्जी पुलिस अधिकारियों का गिरोह इतना सक्रिय है कि पुलिस का इन फर्जी पुलिस अधिकारियों तक पहुंच पाना बहुत मुश्किल है।

हाल ही में नवी मुंबई के सी.बी.डी. पुलिस थाने की हद में एक मामला उजागर हुआ है, फरियादी मो. फैजल खान (उम्र - ३०) निवासी - मुंबई, इनका शिव चेंबर सेक्टर-११, सी.बी.डी. बेलापुर, नवी मुंबई में शिपिंग संबंधित व्यवसाय है।

दिनांक १८-०१-२०२१ को उनके दफ्तर में कथित पुलिस बनकर ११ लोग आए और उन से मारपीट की। फरियादी ने जब इनसे जनने की कोशिश की तो उन्होंने बताया हम नवी मुंबई क्राईम ब्रांच के पुलिस अधिकारी हैं और फिर पैष्ठजल खान को जान से मारने की धमकी देकर उनसे नकद और गुगल पे के माध्यम से १ लाख रुपया वसूला और "अगर धंधा करना है तो हर माह अच्छे खासे रकम देनी होगी ऐसी मांग की।" इनका



**योगेश काळे**

सरगना योगेश काळे बताया जाता है, फरियादी मो. फैजल खान की शिकायत पर सी.बी.डी. पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीमान अनिल पाटिल साहब तुरंत हरकत में आए। क्राईम पी.आय. संजय चव्हाण को बुलाकर मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लेने को कहा।क्राईम पी.आय. संजय चव्हाण ने अपनी टीम के साथ ११ आरोपियो में से ६ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबक ५ आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पकड़े गए आरोपी योगेश काळे, विनय मिश्रा, राजेश काकवीपुरे, विक्रम पालवे, रमाकांत डगळे, हैं बाकी ५ की तलाश जारी है। इन आरोपियों के खिलाफ किसी अन्य पुलिस थाने में भी इस तरीके के मामले दर्ज हैं क्या? इस विषय में भी जांच की जा रही है।

सी.बी.डी. पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीमान अनिल पाटिल साहब के मार्गदर्शन पर क्राईम पी.आय. संजय चव्हाण साहब मामले की जांच कर रहे है। आरोपियों के खिलाफ भादंवि की धारा ३६४ (अ), ३८६, १७०, ३२३, ३४ के तहत मामला दर्ज किया है। अगर कोई समाज में और कोई इनका शिकार हुआ हो



**संजय चव्हाण**
(क्राईम पी.आय.)

तो वह अपनी शिकायत संबंधित पुलिस थाने में दर्ज कराए, ताकि पीडित व्यक्ति को न्याय मिले और आरोपियों को कडी से कडी सजा मिले, (पेज ८ पर....)


# वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के आशीर्वाद से चल रहे है मसाज पार्लर में देह व्यापार का धंधा?

**दत्ता माने द्वारा**

**मुंबई :** आज की महंगाई के दौर में नौकरी करने वाले व्यक्ति को मिलने वाले वेतन से उनका गुजारा होना बहुत मुश्किल होता है, इसलिये मजदूर अपनी ८ घंटे की नौकरी करने के बाद भी रुपयों के आस में कुछ घंटे इधर-उधर काम इसलिए करता है, ताकि उन्हें दो पैसे मिल जाये। लेकिन कुछ



**कृष्णाकांत उपाध्याय**
(पुलिस उपायुक्त परिमंडल - ६)










लोगों की नौकरी ऐसी होती है जिसकी कोई समय सीमा नहीं होती है और वह लोग बाहर या किसी अन्य जगह पर काम भी नहीं कर सकते लेकिन वह भी किसी ना किसी तरह से उपरी कमाई करने का जरिया ढूंढ ही लेते है।

इसी तरह एक ऐसी खबर



**बाला साहेब**
(वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक)

जो लोगों के सामने आई है जिसे सुन कर हर कोई सोच में पड़ जायेगा। यह मामला परिमंडल-६ के नियंत्रण में आने वाले गोवंडी पुलिस थाने का है। बताया जाता है कि गोवंडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री बाला साहेब केदारे के मार्ग दर्शन में चार ऐसे मसाज पार्लर चल रहे है जिन में पूरी तरह से लड़कियों द्वारा देह व्यापार का धंधा लगभग दो सालों से चलाया जा रहा है।

(पेज ७ पर....)

महाराष्ट्र क्राईम्स
मुंबई, 05 फरवरी 2021





## संपादकीय

### मुस्लिम समुदाय और बीजेपी को वोट

**असम सरकार के मंत्री और नॉर्थ ईस्ट के प्रभावशाली बीजेपी नेता हेमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि मुस्लिम समुदाय बीजेपी के लिए वोट नहीं करता है और बीजेपी को वो सीटें नहीं मिलेंगी जो ह्यमिया मुस्लिमह्न के हाथों में हैं। खानापारा के वेटनरी कॉलेज में 4,511 टीचरों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद वित्त मंत्री ने कहा कि वह यह बात अनुभव के आधार पर कह रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने यह कहा कि बीजेपी को मुसलमानों के वाटों की आवश्यकता भी नहीं है।**

**हेमंत बिस्व सरमा ने कहा, ''मिया मुस्लिम हमारे लिए (बीजेपी) वोट नहीं करते हैं। मैं यह बात अनुभव के आधार पर कह रहा हूं, उन्होंने पंचायत और लोकसभा चुनाव में हमें वोट नहीं दिया। बीजेपी को उन सीटों पर वोट नहीं मिलेंगे जो इनके हाथों में हैं, जबकि दूसरी सीटें हमारी हैं।''**

**उत्तर-पूर्वी राज्यों में बीजेपी के प्रभावशाली नेता ने आगे कहा, ''हालांकि, हम इन सीटों पर भी अपने उम्मीदवार खड़े करेंगे ताकि जो लोग खुद को मिया मुस्लिम से नहीं जोड़ते उन्हें कमल या हाथी (असमगण परिषद का चुनाव चिह्न) का विकल्प मिल सके।''**

**सेंटिनेंटल असम की एक रिपोर्ट के मुताबिक सरमा ने कहा, ''जब तक तलाक, बाल विवाह, बहुविवाह जैसी चीजें मिया मुस्लिम की जिंदगी का हिस्सा है, हम उनसे वोट नहीं मांगेंगे। हालांकि, हमारे कुछ पार्टी वर्कर्स उनके बीच से हैं। ऐसे पार्टी कार्यकताओं का मनोबल ना गिरे इसके लिए हम मिया मुस्लिम बहुल इलाकों में भी उम्मीदवार खड़े करेंगे। हेमंत बिस्व सरमा का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। राज्य में 35 फीसदी मुस्लिम वोटर्स हैं और कई सीटों पर इनका निर्णायक प्रभाव है।**

# यूपी में हर साल बढ़ रहे तीन हजार किन्नर

## जानें किस धर्म में सबसे अधिक

किन्नर यानी समाज का ऐसा वर्ग जिसके बारे में जानने की जिज्ञासा लोगों में अक्सर बनी रहती है। समय, समाज के बदलते सरोकार के बीच किन्नरों के प्रति सोच बदल रही है। लेकिन यदि हम उनके बीच जाकर उनकी वास्तविक परिस्थितियों से रूबरू हों तो कई रोचक तथ्य सामने आते हैं। शहर की एक निजी सामाजिक संस्था की ओर से हुए सर्वेक्षण में किन्नरों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी सामने आयी है। इसमें सबसे खास है कि प्रदेश में हर साल लगभग 3 हजार किन्नरों की संख्या बढ़ रही है। यानी 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में किन्नरों की संख्या 137465 थी, जो प्राप्त सर्वेक्षण में इनकी संख्या लगभग 164615 हो गई है। यानी 10 वर्षों में 27150 की वृद्धि हुई है।

**आगरा मंडल में सर्वाधिक किन्नर**

सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में सबसे ज्यादा किन्नरों की संख्या आगरा मंडल में 14915 है। बनारस मण्डल में 12620, मुरादाबाद मंडल में 9790 है। साथ ही प्रयागराज मंडल में 8808 किन्नर हैं। यह आंकड़े प्रदेश के 20 जिलों में 293 किन्नरों से संपर्क करके प्राप्त किया गया। यह सर्वेक्षण रिपोर्ट अबुल कलाम जन सेवा संस्थान के सचिव नाजिम अंसारी और नई दिल्ली की संस्था इंडो ग्लोबल सोशल सोसायटी की ओर से किया गया।



**प्रदेश में सबसे ज्यादा किन्नर हिन्दू धर्म में**

सर्वेक्षण के अनुसार यदि धार्मिक आधार पर देखें तो किन्नरों की संख्या 74 प्रतिशत हिन्दू धर्म में, 25 प्रतिशत मुस्लिम और एक प्रतिशत सिख धर्म में है। 27 प्रतिशत किन्नर कक्षा एक से 9 तक, 4 प्रतिशत 10 वीं तक, 3 प्रतिशत 12 वीं और 2 प्रतिशत स्नातक हैं। सर्वेक्षण के अनुसार 3-10 साल की उम्र में 29 प्रतिशत किन्नर, 11-15 की उम्र में 40 प्रतिशत और 16-22 की उम्र में 30 प्रतिशत किन्नर घर छोड़ देते हैं। सर्वेक्षण के मुताबिक 57 प्रतिशत लोग किन्नरों को बुरे नामों से बुलाते हैं। 64 प्रतिशत पुलिस के लोग परेशान करते हैं। नाजिम अंसारी, सचिव अबुल कलाम आजाद जनसेवा संस्थान कहते हैं कि किन्नरों की स्थिति-परिस्थिति को समाज और सरकार के संज्ञान में लाने के लिए एक दशक से निरंतर प्रयास चल रहा है। किन्नरों के जीवन में खुशहाली आए, इसके लिए किन्नर वेलफेयर बोर्ड बनाने के मांग की गई है।

# भारती विद्यापीठ प्रशाला के पूर्व छात्रों द्वारा प्रधानाध्यापिका श्रीमती मंदाकिनी वानखेडे (कासारे) का सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवी मुंबई :** सी.बी.डी. बेलापुर के कैराली हॉल में दिनांक ३० जनवरी २०२१ को भारती विद्यापीठ प्रशाला के पूर्व छात्रों द्वारा प्रधानाध्यापिका श्रीमती मंदाकिनी वानखेडे (कासारे) का सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यापक श्रीमान औंधे सर, प्रधानाध्यापक के.एच. पाटील सर,पूर्व प्रधानाध्यापिका श्रीमती अहिवळे, पूर्व अध्यापिका श्रीमती नाटेकर, श्रीमती देशपांडे, श्रीमती नलावडे, विद्यमान अध्यापिका श्रीमती गायकर, श्रीमती भोरे, श्रीमती बिंदु नायर, आयोजन कमेटी के वंदना जठार, विजया सुर्वे, शैला कांबळे, नाजनीन शेख, कश्मीरा नलावडे, शुभांगी सरफळे, दत्ता माने, सुभाष देवरुखकर, के अलावा इस अवसर पर स्कूल के १९९२-१९९३-१९९४ बैच के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।विशेष रूप से उपस्थित पूर्व छात्रा गौरी (नलावडे मराठी सिने अभिनेत्री) जिनकी मराठी फिल्म गोदावरी जल्द ही रिलीज होने वाली है साथ ही मराठी सीरियल स्वप्नांच्या पलीकडले, में वैदेही पाटकर की भूमिका निभा रही हैं।



कार्यक्रम में कोरोना महामारी के सभी नियमों का पालन किया गया।

इस कार्यक्रम में सत्कारमूर्ति श्रीमती मंदाकिनी वानखेडे (कासारे) ने अत्यंत भावुक शब्दों में अपना मनोगत व्यक्त किया। गणित की पूर्व अध्यापिका श्रीमती देशपांडे ने ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों यह गीत गाकर उपस्थित जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाध्यापक के.एच. पाटिल सर ने अपनी पुरानी यादें तरोताजा की और सभी पूर्व छात्र-छात्राओं को अपने गुरुजनों के प्रति जो सम्मान दिखाया उसके प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व अध्यापिका श्रीमती नाटेकर ने आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया।



# नरेंद्र मोदी ने कहा था- मुस्लिमों के लिए किए गए कामों का प्रचार मेरी राजनीति को सूट नहीं करता - पूर्व उप राष्ट्रपति ने लिखा

**पूर्व** राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की किताब काफी चर्चा में रही। इस किताब में मोदी सरकार और पीएम मोदी के बारे में भी कई बातें लिखी गई हैं। अब पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने अपनी किताब में दावा किया है कि मोदी ने एक बार कहा था कि मुसलमानों के लिए उन्होंने बहुत काम किया है लेकिन इसका प्रचार न किया जाए क्योंकि यह उनकी राजनीति को सूट नहीं करता है।

पूर्व उपराष्ट्रपति 2007 में हुई मोदी के साथ एक मीटिंग को याद करते हुए लिखते हैं, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, एक सामान्य राजनीतिक कार्यक्रम में उनसे मुलाकात हुई। मैंने उनसे गोधरा के बाद होने वाली हिंसा के बारे में पूछा कि ऐसा क्यों होने दिया गया? उन्होंने कहा कि लोग उनके केवल एक पक्ष को देखते हैं, कोई भी मुस्लिमों के लिए किए गए अच्छे कामों की तरफ ध्यान नहीं देता। खासकर मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा के लिए उन्होंने बहुत काम किए हैं। मैंने कहा कि इसका ब्योरा दें तो प्रचार किया जाए। इसपर वह बोले- यह मेरी राजनीति को सूट नहीं करता है।



हामिद अंसारी ने अपनी किताब में लिखा है कि पीएम मोदी राज्यसभा में शोर-शराबे के बीच बिल पास कराने के लिए भी दबाव बनाते थे। उन्होंने लिखा कि वह नहीं चाहते थे कि राज्यसभा में एक दिन में ही बिल पास हो जाए लेकिन बीजेपी के गठबंधन को लगता था कि अगर लोकसभा में उनका बहुमत है तो राज्यसभा में नैतिक अधिकार है कि बिना किसी बाधा के बिल पास हो जाए। उन्होंने कहा कि एक दिन अचानक पीएम मोदी राज्यसभा कार्यालय में पहुंच गए।

उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री को कार्यालय में देखकर मुझे आश्चर्य हुआ और मैंने उनका अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि आपसे ज्यादा जिम्मेदारी की उम्मीद है लेकिन आप हमारी मदद नहीं कर रहे। मैंने कहा कि राज्यसभा में और बाहर मेरा काम जनता के संज्ञान में है। उन्होंने पूछा, हंगामे के बीच ही आप बिल क्यों नहीं पास करा रहे हैं? अपनी किताब में हामिद अंसारी ने पीएम मोदी और सरकार के साथ असहज रिश्ते की बात लिखी है।

# म्यांमार में तख्तापलट, सेना ने देश को 1 साल के लिए कंट्रोल में लिया, आंग सान सू की हिरासत में

**भारत** के पड़ोसी देश म्यांमार से बड़े राजनीतिक उठा-पटक की खबर आ रही है। म्यांमार की सबसे बड़ी नेता आंग सान सू की, राष्ट्रपति और सत्तारूढ़ पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में लिया गया है और बताया जा रहा है कि सेना तख्तापलट कर दिया है। म्यांमार मिलिट्री टेलीविजन के मुताबिक, सेना ने एक साल के लिए देश को अपने नियंत्रण में ले लिया है। बताया जा रहा है कि ये कदम सरकार और शक्तिशाली सेना के बीच बढ़ते तनाव के बाद उठाया गया है जो चुनाव के बाद भड़की हुई है।

-बताया जा रहा है कि सेना ने आंग सान सू की को हाउस अरेस्ट के तहत हिरासत में ले लिया है। इतना ही नहीं, म्यांमार की राजधानी में संचार के सभी माध्यमों को बैन कर दिया गया है। फोन और इंटरनेट सर्विस को निलंबिद कर दिया गया है और आंग सान सू की की पार्टी नेशनल लीग डेमोक्रेसी पार्टी तक एक्सेस को भी खत्म कर दिया गया है।

-म्यांमार में तख्ता पलट की आशंका के बीच स्टेट काउंसलर आंग सान सू की के साथ-साथ राष्ट्रपति विन म्यांत को हिरासत में लिया गया है।

-नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के प्रवक्ता मायो न्यांट ने बताया कि म्यांमार की काउंसलर आंग सान सू की और देश की सत्तारूढ़ पार्टी के अन्य वरिष्ठ लोगों को सुबह हुई छापेमारी में हिरासत में लिया गया है। बता दें कि पिछले वर्ष आठ नवंबर को हुए आम चुनाव में व्यापक धांधली के बाद सेना द्वारा जनवरी में तख्ता पलट की आशंका व्यक्त की जा रही थी।

पिछले साल के चुनाव के बाद म्यांमार के सांसद राजधानी नेपीता में संसद के पहले सत्र के लिए सोमवार को एकत्रित होने वाले थे। हालांकि, सेना के हालिया बयानों से सैन्य तख्तापलट की आशंका दिख रही थी। सू ची की पार्टी ने संसद के निचले और ऊपरी सदन की कुल 476 सीटों में से 396 पर जीत दर्ज की थी जो बहुमत के आंकड़े 322 से कहीं अधिक था। लेकिन वर्ष 2008 में सेना द्वारा तैयार किए गए संविधान के तहत कुल सीटों में 25 प्रतिशत सीटें सेना को दी गयी हैं जो संवैधानिक बदलावों को रोकने के लिए काफी है। कई अहम मंत्री पदों को भी सैन्य नियुक्तियों के लिए सुरक्षित रखा गया है।



सू ची (75) देश की सबसे अधिक प्रभावी नेता हैं और देश में सैन्य शासन के खिलाफ दशकों तक चले अहिंसक संघर्ष के बाद वह देश की नेता बनीं।

म्यांमार में सेना को टेटमदॉ के नाम से जाना जाता है। सेना ने चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाया हालांकि वह इसके सबूत देने में नाकाम रही। देश के स्टेट यूनियन इलेक्शन कमिशन ने पिछले सप्ताह सेना के आरोपों को खारिज कर दिया था।

इन आरोपों से पिछले सप्ताह उस वक्त राजनीतिक तनाव पैदा हो गया जब सेना के एक प्रवक्ता ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में एक पत्रकार के सवाल के जवाब में सैन्य तख्तापलट की आशंका से इनकार नहीं किया। मेजर जनरल जॉ मिन तुन ने कहा था कि सेना ह्यह्नसंविधान के मुताबिक' कानून का पालन करेगी।

कमांडर इन चीफ सीनियर जनरल मिन आंग लाइंग ने भी बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कानून को सही तरीके से लागू नहीं किया गया तो संविधान को रद्द कर दिया जाएगा। इसके साथ ही देश के कई बड़े शहरों की सड़कों पर बख्तरबंद वाहनों की तैनाती से सैन्य तख्तापलट की आशंका बढ़ गयी।

हालांकि शनिवार को सेना ने तख्तापलट की धमकी देने की बात से इनकार किया और अज्ञात संगठनों एवं मीडिया पर उसके बारे में भ्रामक बातें फैलाने तथा जनरल की बातों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। सेना ने रविवार को भी अपनी बात दोहराते हुए तख्तापलट की आशंका को खारिज किया और इस बार उसने विदेशी दूतावासों पर सेना के बारे में भ्रामक बातें फैलाने का आरोप लगाया।


अमेरिका में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के अधिकारियों और विदेश मंत्रालय ने कहा कि वे म्यांमार में हो रहे घटनाक्रम की खबरों से अवगत हैं हालांकि वे तख्तापलट और नेताओं को हिरासत में लिये जाने की पुष्टि नहीं कर सके।

## वेबसाइट पर होती थी ग्राहकों की बुकिंग

# हाईटेक हुई जिस्मफरोशी !

HIGHLIGHTS

**मुंबई :** रेड लाइट एरिया में चलनेवाले जिस्मफरोशी के धंधे अब गुजरे जमाने की बात हो चुके हैं। अब जिस्मफरोशी भी हाईटेक हो चुकी है। इसके सौदागर भी स्मार्ट फोन, लैपटॉप आदि पर इंटरनेट व आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वेबसाइट पर ग्राहक तलाशते हैं। उन्हें गरीबी के कारण जिस्मफरोशी करने को मजबूर लड़कियों, महिलाओं की तस्वीरें दिखाते हैं और ग्राहकों को बुक करके पॉश होटलों में अय्याशी कराते हैं। इसका खुलासा मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच की यूनिट-४ द्वारा की गई छापामारी में हुआ है। बता दें कि यूनिट-४ के अधिकारियों को वेबसाइट के जरिए जिस्मफरोशी करानेवाले गिरोह की जानकारी मिली थी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निनाद सावंत के नेतृत्व में यूनिट-४ की टीम ने एक फर्जी ग्राहक के मार्फत वेबसाइट पर दिए गए मोबाइल नंबर पर दलालों से संपर्क किया। फोन पर बात-चीत के आधार पर दलालों ने पुलिस द्वारा प्रायोजित फर्जी ग्राहक को अंधेरी-पूर्व के पवई क्षेत्र



स्थित रॉयल ऑर्बिट होटल के रूम नंबर १०५ में बुलाया। फर्जी ग्राहक के मार्फत यूनिट-४ की टीम ने जाल बिछाया और फिर तथाकथित होटल में छापामारी कर मूल रूप से झारखंड के रहनेवाले उपेंद्र कुमार यादव एवं अशोक कुमार यादव नामक दो दलालों को दबोच लिया। टीम ने इस छापेमारी में ३ युवतियों को दलालों के चुंगल से मुक्त कराया है।

## शिवसेना विधायक के खिलाफ भाजपा नेताओं ने मनपा मुख्यालय के सामने किया आन्दोलन



**ठाणे :** मनपा चुनाव से पहले शिवसेना ने अपने घोषणापत्र में 500 वर्गफुट तक के घरों का संपत्ति कर माफ करने की घोषणा किया था। राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी के विधायक प्रताप सरनाईक का 18 करोड़ रुपये का दंड 25 लाख करा दिया है, लेकिन नागरिकों का संपत्ति कर माफ नहीं हुआ। पूर्व सांसद व भाजपा नेता किरीट सोमैया और शहर भाजपा अध्यक्ष व एमएलसी एड. निरंजन डावखरे के नेतृत्व में प्रताप सरनाईक के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मनपा मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। सोमैया व डावखरे ने कहा कि प्रताप सरनाईक की विहंग ग्रुप आफ बिल्डर्स ने विहंग गार्डन की बी 1 व बी 2 इमारत का उपयोग प्रमाणपत्र नहीं मिला। इस इमारत में 9 से 13 मंजिल अनधिकृत होने से मनपा ने वर्ष 2012 में गिराने का आदेश दिया था। इस मामले में दंड की राशि 18 करोड़ रुपये पहंच गयी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ठाकरे के समक्ष आवेदन करने पर 18 करोड़ रुपये दंड राशि को 25 लाख रुपये कर दिया। इस आशय का आरोप लगाते हुए किरीट सोमैया ने मामले में प्रताप सरनाईक के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की है। इसके लिए भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मनपा आयुक्त डा. विपिन शर्मा को ज्ञापन दिया है। भाजपा नेताओं ने सरनाईक से 18 करोड़ रुपये वसूल करने की मांग किया है।

## वरार पुलिस स्टेशन अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक मौत, एक की जख्मी




**विरार :** विरार पुलिस स्टेशन अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक की दर्दनाक मौत,जबकिं एक जख्मी होने की घटना सामने आई है। पुलिस वाहन चालक मृतक के ऊपर मामला दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गई है मिली जानकारी के अनुसार, दानिश कासीम शेख,निवासी- विकासपाडा,तलासरी क्षेत्र में रहता था।बताया गया है कि,1 फरवरी को दानिश ट्रक क्र. जी.जे 15/ए.व्ही 4556 से तेज रफ्तार व सड़क नियमों की अनदेखी करते हुए जा रहा था,जैसे ही खानीवड़े टोलनाका के 200 मीटर की दूरी स्थित पहुंचा, तभी टोल लेने के लिए लाइन में खड़ी ट्रक क्र. एन.एल 01/एसी 7458 को पीछे से जोरदार ठोकर मारा। इस हादसे में ट्रक क्लीनर जख्मी हो गया,जबकि चालक दानिश की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही ट्रक चालक मृतक दानिश के ऊपर कलम 304 (अ) व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# प्रतिबंधित पदार्थ

## पर वालीव पुलिस की कार्रवाई लाखों का माल सहित 5 लोगो पर मामला दर्ज

**वसई ;** वालीव पुलिस स्टेशन द्वारा प्रतिबंधित पदार्थ पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखो रुपये का माल जप्त किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 5 लोगो पर मुकदमा दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गई है। गौरतलब है कि,महाराष्ट्र शासन ने प्रतिबंधित पदार्थ पर बैन लगाया है। इसके बावजूद चोरी छिपे प्रतिबंधित पदार्थ की विक्री धड़ल्ले हो रही है। हालांकि,पुलिस द्वारा समय-समय इनपर शिकंजा कस भी रही है। मिली जानकारी के अनुसार,वालीव पुलिस द्वारा मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग रोड,चिंचोटी ब्रिज के पास आयशर टेम्पो क्र.एम.एच 48/एजी 2250 गाड़ी से विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधित पदार्थ की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने बताया कि,अन्न सुरक्षा नियमों का उल्लंघन




कर विक्री हेतु के लिए टेम्पो में उक्त पदार्थ की खेप सप्लाई के लिए जा रही थी। पुलिस इस कार्रवाई में विभिन्न कंपनियों के प्रतिबंधित पदार्थ यानी कुल 1,030,320 रुपये का माल जप्त की है। तथा 6 लाख रुपये की टेम्पो, कुलमिलाकर पुलिस ने 16,30,320 रुपये का माल बरामद किया है। तथा आरोपी राजेश कुमार प्रसाद (35) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दूसरी कार्रवाई, शिवाजी नगर,वालीव,वसई पूर्व में वालीव पुलिस ने रामचंद्र शाहू (29),निवासी - शिवाजी नगर और प्रदीप विनोद गुप्ता उर्फ शालु (29),निवासी-शिवाजी नगर,वालीव वसई पूर्व के ऊपर प्रतिबंधित पदार्थ पर कार्रवाई की है।पुलिस ने बताया कि,कार्रवाई में इनके पास से विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधित पदार्थ जप्त की गई है,जिसकी कुल कीमत 13,897 रुपये आकी गई है।तीसरी कार्रवाई, रहेमान रहीस अहमद चौधरी (25),निवासी-धानिवबाग और मोहम्मद फहीम मुन्ने मंसूरी (30) के खिलाफ प्रतिबंधित पदार्थ पर कार्रवाई करते हुए 9710 रुपये का माल जप्त की है। वालीव पुलिस ने संबंधित मामले की कार्रवाई में उक्त आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई में जुटी है।

# प्रेमिका के घर में पकड़ाया प्रेमी बॉर्डर फांदकर भाग गया पाकिस्तान, हुआ यह हाल

**राजस्थान** के बाड़मेर में चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां, एक प्रेमी का परिवार वालों के सामने उसकी पोल न खुल जाए इस डर से वो बॉर्डर पार कर पाकिस्तान चला गया। प्रेमी बाड़मेर जिले के बिजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र के कुम्हारो का टीबा के सज्जन के पार गांव का रहने वाला है। 19 साल का प्रेमी गेमरा राम मेघवाल का पड़ोस में ही रहने वाली युवती से चक्कर चल रहा था।

बिजराड़ पुलिस थाने के एसएचओ ने जेठा राम ने हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया कि वह पिछले 4 नवंबर को युवती से मिलने के लिए उसके घर गया था। जहां, युवती के परिवार वालों ने उसे देख लिया। इसके बाद लड़की के परिवार वालों ने उसकी इस हरकत की शिकायत उसके माता-पिता से करने की धमकी दी। युवक को बदनामी का डर सताने लगा। जिसके बाद युवक बॉर्डर पर तारबंदी फांदकर पाकिस्तान चला गया। युवक का गांव बॉर्डर से सटा हुआ है।

इधर घर वाले उसकी खोजबीन करने लगे। आस-पास नहीं मिलने के बाद परिवार वालों ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिवार वालों ने पुलिस के सामने आशंका जाहिर करते हुए कहा, "हो सकता है कि उनका लड़का पाकिस्तान बॉर्डर पार कर गया हो, क्योंकि गांव बॉर्डर से काफी लगा हुआ है। साथ में पाकिस्तान में पाबनी गांव में उनके रिश्तेदार भी रहते हैं। रिश्तेदार का घर भी सीमा से लगा हुआ है।"

परिवार वालों ने कहा कि गेमरा अक्सर रिश्तेदारों से मिलने पाकिस्तान जाने की बात करता था। परिवार के सदस्यों ने पुलिस के सामने दावा किया कि उन्हें पाकिस्तान में उनके रिश्तेदारों से फोन आया था जिसमें उन्होंने बताया कि एक युवक सीमा पार कर गया था जिसे पाकिस्तान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बाड़मेर के एसपी आनंद शर्मा ने कहा कि पुलिस विभाग ने बीएसएफ से पाकिस्तानी अधिकारियों के सामने इस मामले को उठाने का अनुरोध किया था।

वहीं, बीएसएफ के अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि लड़के की वापसी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे कब लौटाया जाएगा। बीएसएफ अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने हमें बताया है कि वे निर्धारित प्रक्रिया को पूरा कर रहे हैं और उसकी वापसी पर कोई भी फैसला कानून के तहत लिया जाएगा।

# सोने की स्मगलिंग में भारत का दबदबा खत्म करने वाला पाकिस्तान का गोल्ड किंग

**अप्रैल** 1958 में, लाहौर जाने वाले एक यात्री को कराची हवाई अड्डे पर रोका गया, तो उस यात्री के पास से तीन हजार एक सौ तोला सोना बरामद हुआ. जब कराची कस्टम अधिकारियों ने प्रेस हैंडआउट में बताया, कि उन्होंने दो हजार तोला सोना जब्त किया है, तो पुलिस हिरासत में मौजूद उस यात्री ने उनकी गलती को सही किया और कहा कि यह दो हजार नहीं बल्कि तीन हजार एक सौ तोला सोना था।




वो व्यक्ति जल्द ही जेल से रिहा हो गया और केवल पांच महीने बाद ही, वह कसूर के पास एक सीमावर्ती गांव में दिखाई दिया. वहां से उसे अमृतसर पुलिस से बचने के लिए 45 सोने की BaMXZa छोड़ कर भागना पड़ा.

छह साल बाद, ये व्यक्ति एक बार फिर सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ़्तार करने की कोशिश की. उस समय वह चांदनी चौक में मोती बाजार के एक व्यापारी के साथ सोने का सौदा कर रहा था.

वह व्यक्ति तो पुलिस से बचने में कामयाब रहा, लेकिन उसका एक साथी पकड़ा गया और पुलिस ने उसके पास से 44 सोने की ईंटें भी बरामद कीं.

सन 1977 में, लाहौर से प्रकाशित होने वाले एक समाचार पत्र ने उस व्यक्ति के बारे में कुछ इस तरह से लिखा "गोल्डन भगोड़ा, एक असाधारण व्यक्ति, भेस बदलने का माहिर और लोमड़ी जैसा चालाक".







## नाना पटोले कांग्रेस आलाकमान से करेंगे मुलाकात

# महाराष्ट्र अध्यक्ष पद के लिए चल रही है खींचतान

**मुंबई :** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए खींचतान बढ़ती ही जा रही है। बीते 2 महीनों से अध्यक्ष पद के लिए संभावित नामों पर चर्चा शुरू है। हालांकि मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले का नाम इस रेस में सबसे आगे चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन्हीं तमाम अटकलों के बीच नाना पटोले आज दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात करेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर राज्य में लोगों के बीच में गलत संदेश ना जाए। इसलिए नाना पटोले अपनी बात कांग्रेस आलाकमान के सामने रखेंगे।

कांग्रेस आलाकमान ने महाराष्ट्र के प्रभारी एच. के पाटिल को नए अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सभी अधिकार दिए हैं। उनकी मौजूदगी में दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक भी हाल ही में हुई थी। हालांकि इस बैठक के बाद भी महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पद के नाम पर कोई फैसला नहीं हो पाया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नए अध्यक्ष के चुनाव में हो रही लेटलतीफी पर राजस्व मंत्री बालासाहेब थोरात ने भी नाराजगी जताई है।

**विधायकों से मिलकर भी कोई फैसला नहीं**

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बना सस्पेंस



लगातार बढ़ता ही जा रहा है। राज्य प्रभारी एच.के पाटिल द्वारा विधायकों से वन टू वन मुलाकात करने के बाद भी अभी तक कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। मुंबई में मराठा समाज से आने वाले भाई जगताप को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि ओबीसी समाज महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बनाने की कवायद पर अभी तक विराम लगता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

**कांग्रेस में एक पद एक नेता की मांग**

महाराष्ट्र कांग्रेस में कुछ नेताओं ने एक व्यक्ति एक पद की मांग के साथ राज्य में नए अध्यक्ष की मांग की थी। नए अध्यक्ष के लिए जल्द ही कांग्रेस आला कमान की तरफ से निर्णय लिया जाएगा। जिसके बाद मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले को यह पद छोड़ना पड़ेगा। इस संभावना को देखते हुए महाराष्ट्र के कई कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए अपनी फील्डिंग लगाना शुरू कर दिया है। मराठवाड़ा के विधायक सुरेश वरपुड़कर, विधायक संग्राम थोपटे, आदिवासी विकास मंत्री केसी पड़वी से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण समेत कई नेता इस पद के लिए उत्सुक बताए जा रहे हैं।

**जल्द फैसला होने की संभावना**

राज्य में महाविकास अघाड़ी सरकार की स्थापना के बाद एक अनुभवी नेता के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के नाम की चर्चा विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए हुई थी। हालांकि उस समय एनसीपी ने इस बात का विरोध किया था। जिसकी वजह से पृथ्वीराज चव्हाण को यह कुर्सी मिलते मिलते रह गई थी। अब भविष्य में नाना पटोले के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह कुर्सी फिर से खाली खाली हो जाएगी। इसलिए एक बार फिर से विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए पृथ्वीराज चव्हाण का नाम दोबारा चर्चा में आया है।

## BMC के सह आयुक्त ने पानी समझकर पीया सैनिटाइजर, Budget पढ़ते समय हुई घटना



**मुंबई :** मुंबई महानगरपालिका के सह आयुक्त रमेश पवार ने आज बजट पढ़ते समय सैनिटाइजर को पानी समझकर पी लिया। गनीमत यह रही कि इस घटना में उनको किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। जैसे ही उन्हें अपनी गलती समझ में आई तुरंत उन्होंने पानी की बोतल लेकर मुंह साफ किया। बीएमसी में यह घटना तब घटी जब रमेश पवार शिक्षा बजट पेश कर रहे थे। हालांकि इस बजट को अतिरिक्त आयुक्त सलिल द्वारा पेश किया जाना था। लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में रमेश पवार यह बजट पढ़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान जब उन्हें प्यास लगी तो उन्होंने सैनिटाइजर की बोतल को पानी की बोतल समझ कर उठा लिया और पीने लगे। फिलहाल रमेश पवार की तबियत बिल्कुल सही है।

महाराष्ट्र में सैनिटाइजर पीने या पिलाने का मामला अब आम हो गया है। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में पोलियो की दवा पिलाने के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं ने 12 बच्चों को सैनिटाइजर पिला दिया था। इस घटना के तुरंत बाद बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उनकी हालत इलाज के बाद ठीक हुई थी। इस घटना में महाराष्ट्र सरकार ने तीन आंगनबाड़ी सेविकाओं पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। जबकि संबंधित डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## एनसीबी ने सहायक फिल्म निर्देशक को गिरफ्तार किया

**मुंबई :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ के मामले में मंगलवार को सहायक फिल्म निर्देशक ऋषिकेश



पवार को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि पवार को एनसीबी ने सुबह हिरासत में लिया था और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्रीय एजेंसी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े ने कहा कि दिवंगत अभिनेता के दोस्त पवार का नाम मामले में पहले गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों से की गई पूछताछ में सामने आया।

## अमेरिका का ऑनलाइन पोकर गेम मुंबई में बना जुआरियों का खेल

**मुंबई :** जुआरी और सट्टेबाज बात-बात पर दांव लगाने का मौका ढूंढ लेते हैं। कुछ ऐसा ही अमेरिका में लोकप्रिय पत्तों के ऑनलाइन पोकर गेम के मामले में देखने को मिला है। मुंबई के एक क्लब में कुछ लोग इसी ऑनलाइन पोकर गेम पर क्वाइन्स के जरिए जुआ खेल रहे थे। इसका खुलासा मुंबई




पुलिस क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल ने किया है। बता दें कि सूचना क्रांति के युग में ऑनलाइन गेम का क्रेज काफी बढ़ गया है। इसी के साथ ऑनलाइन ठगी एवं जुए का कारोबार भी काफी फल-फूल रहा है। घाटकोपर-पश्चिम स्थित घाटकोपर-अंधेरी लिंक रोड इलाके में चलनेवाले ऐसे ही एक ऑनलाइन जुए के अड्डे के बारे में प्रॉपर्टी सेल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक केदारी पवार को सूचना मिली थी।

## मनपा ने दर्ज करवाया बिल्डर पर एमआरटीपी

**नालासोपारा :** वसई-विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिति 'एफ' द्वारा तुलिंज पुलिस स्टेशन में बिल्डर के खिलाफ एमआरटीपी दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार, वसई विरार शहर महानगर पालिका के उच्च अधिकारियो के आदेशानुसार प्रभाग समिति 'एफ' कनिष्ठ अभियंता नीलेश कोरे ने तुलिंज पुलिस स्टेशन में यह शिकायत दर्ज करवाई है कि,महेश्वर एच.पाटील



व महेश पी.घरत ने मौजे तुलिंज सर्वे नं.117 की यह जमीन पर महानगरपालिका से किसी भी प्रकार की परमिशन न लेते हुए उक्त स्थान पर बिल्डर ने अनधिकृत इमारत का निर्माण कार्य किया। उक्त निर्माण संबंधित को लेकर प्रभाग को कई शिकायत मिली,जिसके बाद तमाम दस्तावेजो की छानबीन कर 1 फरवरी को,तुलिंज पुलिस स्टेशन में उक्त बिल्डर के खिलाफ उक्त अभियंता ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कनिष्ठ अभियंता नीलेश कोरे की शिकायत व बयान के आधार पर बिल्डर महेश्वर एच.पाटील व महेश पी.घरत के ऊपर कलम 52,53,54 के तहत केस दर्ज कर आगे की जाँच में जुट गई है।



# आम जनता और महिलाएं बन रही है फर्जी पुलिस की शिकार

(पेज ८ का शेष....)

मसाज का यह सिलसिला कुछ ही दिनों तक चला इसी बिच लड़की को यह पूरा विश्वास दिलाता है कि मैं एक पुलिस अधिकारी हूं और मैंने अभी तक शादी नहीं की है यह विश्वास के तहत उस लड़की को अपने हवस का शिकार कई महीनों तक बना चुका होता है। जब कभी लड़की यह कहती है कि हम शादी कब करेगे? इस पर गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे कहता है कि मैं अभी खुफिया कम से बाहर हूं, लेकिन गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे का यह झूठ जानने के बाद वह लड़की परिमंडल-७ के पुलिस उपायुक्त कार्यालय जाकर पुलिस उपायुक्त से अपनी आप बीती सुनाने के बाद पुलिस उपायुक्त के आदेश पर मुलुंड पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने गु.र.क्र. ४२२/१६ कलम ३७६, ३७७, १७०, ५०६(२), ५०७ भा.दं.वि.के तहत मुलुंड पुलिस थाने में गुन्हा दर्ज किया। इसी तरह से थाने जिले के अंतर्गत आने वाले नवघर पुलिस थाने में भी एक भोली–भाली लड़की को अपने पुलिस होने का धौस दिखाकर हर बार अपना मुंह काला करता रहा और एक दिन उसे नवघर परिसर में एक स्पा में काम पर लगाया और शाम होते ही लड़की की दिन भर की मेहनत की कमाई खुद ले जाया करता था लड़की गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे की इन गंदी हरकतों से काफी परेशान होने पर उस लड़की ने एक दिन नवघर पुलिस थाने जाकर अपनी दास्ताँन सुनाई। नवघर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने लड़की के बयान को बड़ी गंभीरता से लेते हुए गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे पर गु.र.क्र. २९९/१४ कलम ३७६(१)५०६ भा.दं.वि. के तहत नवघर पुलिस थाने में गुन्हा दर्ज किया गया।

विलेपार्ले के लोगों का कहना है कि गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे ने इस परिसर के कुछ जूता चप्पल सिलने वालो मोचियों को भी रुपयों की खातिर काफी परेशान किया है। उनसे भी हर माह रुपयों की मांग करता रहा है। बेचारे जूता चप्पल सिलने वालों की इतनी तो कमाई नहीं होती है कि वह गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे को हर माह रुपए दिया करे। एक दिन सभी दुकानदारों (मोचियों) ने मिल कर विले पार्ले पुलिस थाने में गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे के खिलाफ हफ्ता मांगने की शिकायत किये जाने पर विले पार्ले पुलिस ने तत्काल गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे के खिलाफ गु.र.क्र. ५०५ / ११ कलम ३८४.३८५.भा.दं.वि.के तहत मामला दर्ज किया। गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे इस बात से पूरी तरह से बौखला गया। इसी बिच गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे ने एक और व्यापारी से हफ्ता माँगा। उस व्यापारी ने भी विलेपार्ले पुलिस थाने जाकर गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे की शिकायत की उस पर भी विले परले पुलिस ने दोबारा गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे पर गु.र.क्र. ५०६ /११ कलम ३८४.३८५.भा.दं.वि.के तहत विलेपार्ले पुलिस थाने में गुन्हा दर्ज किया।

इस तरह से विलेपार्ले पुलिस थाने में गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे के खिलाफ स्थानिक लोगों की बहुत सारी शिकायतें की जिसमें

अ.गु.र.क्र. २३१ /१६ कलम ३२३,५०४,५०६.भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र. ४४१/१६ कलम ५०४,५०६.भा.दं.वि.

गु.र.क्र. ४२२ /१६ कलम ३७६ .५०६.५०४ भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र. ४९२ /१६ कलम ५०४,५०६.भा.दं.वि.

गु.र.क्र. ४२२ /१७ कलम ५०१..भा.दं.वि.सह माहिती तंत्रज्ञान कायदा २००८ कलम ६६ (क),६६ (६) अ.गु.र.क्र. १२०६/०७ भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र. १३१५/०७ कलम ५०४,५०६,भा.दं.वि

अ.गु.र.क्र. २०६५/११ कलम ५०४,५०६.भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र.२१७३/११ कलम ५०६.भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र.३१०१/११ कलम ५०४.भा.दं.वि.

वि.स्था.ग.नॉ.क्र.१३/१२ कलम १४२ मु.पो.का. हद्दपार

आ.क्र.१५१/सी/४३/परिमंडल क्र.८/२०१२

अ.गु.र.क्र. १२१७ /१५ कलम ३२३,५०४,भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र. २०९७ /१५ कलम ५०७ ,भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र. २१३४ /१५ कलम ५०४,५०६.५०७ भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र. २१३६ /१५ कलम ५०७,भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र. ७४ /१६ कलम,५०६.भा.दं.वि.

अ.गु.र.क्र. १०६७ /१७ कलम ५००भा.दं.वि शिकायते है

जिस पर लगभग दो बार विलेपार्ले पुलिस ने मुंबई, नवी मुंबई, रायगड और पालघर से तड़ीपार किया था लेकिन आज भी बड़े जोरशोर से गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे अपने कथिक साथियों के साथ मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पुणे, औरंगाबाद के आलावा गुजरात राज्य में अहमदाबाद और वडोदरा जैसे शहर कथिक पुलिस के रूप में सक्रिय है। इस समाचार पत्र के माध्यम से हम पुलिस प्रशासन और महाराष्ट्र गृह विभाग से अनुरोध करते हैं कि ऐसे फर्जी पुलिस के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनन कार्रवाई करें, और अगर यह कानून कमजोर पड़ रहा है तो ऐसा कानून बनाएं जिससे समाज में ऐसे दरिंदे फर्जी पुलिस दोबारा ऐसी हरकत करने की हिम्मत न करें।

यह शख्स राजमार्ग पर रात को तेल के टैंकर और रेती की गाड़ियां रोक कर उन्हें पुलिस का फर्जी आय.कार्ड दिखाकर, कार्रवाई की धमकी देकर उनसे अच्छी खासी रकम ऐंठता है।

ऐसे कथित पुलिस अधिकारियों के कारण महाराष्ट्र पुलिस की छवि दिन ब दिन खराब हो रही है जिसमें सुधार करना अब पुलिस और सरकार के हाथ में है। अब देखना दिलचस्प होगा कि महाराष्ट्र पुलिस इस धर दबोचने में कामयाब होती है या इसे इसी तरह खुलेआम छोड़ देती है?

ऐसे कथित पुलिस अधिकारियों के कारण महाराष्ट्र पुलिस की छवि दिन ब दिन खराब हो रही है जिसमें सुधार करना अब पुलिस और सरकार के हाथ में है। अब देखना दिलचस्प होगा कि महाराष्ट्र पुलिस इस धर दबोचने में कामयाब होती है या इसे इसी तरह खुलेआम छोड़ देती है?

# वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के आशीर्वाद से चल...

(पेज १ का शेष....)

(१ ) द स्पा कल्चर (सी. टी.एस. नं.६१३, घाटला रोड, रत्ना सुपर मार्वेष्ठट लेन, ऑफ सायन-ट्रोंबे रोड, बसंत गार्डन, चेंबुर, मुंबई-४०० ०७१.)

(२ ) रिच एंड फेम युनिसेक्स सलून, बंगला नं.१, शॉप नं.१, विक्रांत विला, घाटला विलेज रोड, चेंबुर (पूर्व), मुंबई-४०० ०७१.

(३ ) टिप टॉप -युनिसेक्स सलून एण्ड स्पा, बी-३३ घाटला रोड, चेंबुर, मुंबई-७१

(४ ) ज्यूस थाई स्पा, प्लॉट नं.१३०१, स्टेलर टॉवर, भारत पंप के पास, के स्टार मॉल के सामने, चेंबुर, मुंबई-४०० ०७१.

स्थानिय सूत्रों के अनुसार श्री बाला साहेब केदारे साहब की इन चार पार्लरो में एक भी रुपये की लागत नहां१ लगी है। लेकिन हिस्सेदारी बराबर की इसलिए है कि इन चारों पार्लर वालों पर कभी किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई करते नहीं हैं और होने भी नहीं देते हैं। यह बात पूरी तरह सत्य है।

स्थानिय सूत्रों के अनुसार परिमंडल क्र.६ के पुलिस उपायुक्त कृष्णाकांत उपाध्याय के कार्यालय में इन चारों मसाज पार्लरों की कई शिकायत आने पर गोवंडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाला साहेब केदारे को इन चारो मसाज पार्लरो पर कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया, लेकिन हर बार बाला साहेब केदारे ने इन धंधे वालों के प्रति अपना मित्र कर्तव्य निभाया और श्री उपाध्याय जी को हर बार गोवंडी पुलिस थाने द्वारा यह खबर भेजी जाती थी कि यह सब मसाज पार्लर पूरी तरह कानून के दायरे में चल रहे है, इस तरह हमेशा उपाध्याय जी के आंखों में धूल झोंककर उन्हें गुमराह कर रहे हैं, लेकिन एक दिन पुलिस उपायुक्त श्री कृष्णाकांत उपाध्याय जी ने शिवाजी नगर पुलिस थाने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को इन चारों पार्लर की तहकीकात करने का आदेश दिया। शिवाजी नगर पुलिस द्वारा छानबीन किये जाने पर पाया कि इन पार्लरों में पार्लर के आड़ में सिर्फ देह व्यापार का गोरख धंधा (बालासाहेब केदारे के आशिर्वाद से) चलाया जा रहा है। तहकीकात कर रहे पुलिस अधिकारियों ने जब यह खबर पुलिस उपायुक्त को बताई तो यह जान कर पुलिस उपायुक्त हैरान रहे गये और फिर उन्होंने उस पार्लर पर कानूनी कारवाई करने का आदेश दिया। वास्तविकता में बालासाहेब केदारे पर भी कार्रवाई का आदेश देना जरूरी था, लेकिन खैर...

आदेश पाते ही शिवाजी नगर पुलिस थाने के पुलिस बल ने कानूनी कारवाई करके यह साबित कर दिया कि आज तक जिस तरह बार–बार बाला साहेब केदारे पुलिस उपायुक्त को गुमराह करते रहे कि गोवंडी पुलिस थाने की हद में जितने भी स्पा है वह सब कानून के दायरे में चल रहे है। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि बाला साहेब केदारे आखिर इन चारों मसाज पार्लर वालो को क्यों बचा रहे है ? उन्होंने पुलिस उपायुक्त को क्यों गुमराह किया ?

इसी विषय में हमारे समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक ३ जनवरी २०२१ को एक लिखित ज्ञापन द्वारा गोवंडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक से इन पार्लर वालो की तहकीकात करने और उन पर कानूनी कारवाई करने की मांग की थी लेकिन खबर लिखे जाने तक गोवंडी पुलिस थाने द्वारा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने किसी भी तरह की कानूनी कारवाई करना उचित नहीं समझा और दिनांक २० जनवरी २०२१ के रोज रात लगभग नौ बजे गोवंडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाला साहेब केदारे ने सभी पार्लर वालों को गोवंडी पुलिस थाने बुलाकर उन सभी को सतर्क किया।

हम अपने इस समाचार पत्र के माध्यम से पुलिस उपायुक्त श्री कृष्णाकांत उपाध्याय से यह मांग करते हैं कि समाचार पत्र में प्रकाशित किये गये चारों मसाज पार्लरो पर कानूनी करवाई करे और गोवंडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाला साहेब केदारे से यह जरुर जाना जाये कि शिकायत पत्र मिलने पर भी उन्होंने मामले को गंभीरता से क्यों नहीं लिया? और गोवंडी पुलिस थाने में लगे सभी सी.सी.टी.वी. कैमरों की फु टेज देखे कि दिनांक २० जनवरी २०२१ के रोज की सभी पार्लर वालों को बुलाकर क्या समझाया ?

क्रांतिकारी
KRANTIKARI

जय हिंद सेना
JAI HIND SENA

अॅड. आर. एन. कच्छवे
संस्थापक / राष्ट्रीय महासचिव
Mob. : 9821387099 , 9224799546,
Head : 27/28, 2nd floor, IDA Mansion, 18-Vaju Kotak Marg, Fort, Mumbai - 400 001.
website : krantikarijaihindsena.com,
E-mail : kramchandra2010@gmail.com

# आम जनता और महिलाएं बन रही है फर्जी पुलिस की शिकार

(पेज १ का शेष....)

ऐसा आवाहन सी.बी.डी. पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीमान अनिल पाटिल साहब ने किया है।

विशेष सूत्रों के अनुसार ऐसे ही फर्जी पुलिस अधिकारियो में से एक का नाम गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे का आता है, जो अपने गिरोह के साथ मुंबई,नवी मुंबई,ठाणे,पुणे, औरंगाबाद के आलावा गुजरात राज्य में अहमदाबाद और वडोदरा जैसे शहर में अपने साथियों के साथ कई वारदातों को अंजाम दिया है. यह शख्स अपने आपको कभी चुलबुल पांडे, कभी चतुर्भुज पांडे तो कभी विजय चव्हाण या विजय जाधव बताता है। इससे पहले भी महाराष्ट्र क्राईम्स के माध्यम से समाज और पुलिस के जानकारी हेतु सावधान किया गया है। यह शख्स राजमार्ग पर रात को तेल के टैंकर और रेती की गाड़ियां रोक कर उन्हें पुलिस का फर्जी आय.कार्ड दिखाकर, कार्रवाई की धमकी देकर उनसे अच्छी खासी रकम ऐंठता है।

जिसकी शिकायत वहां के स्थानिक पुलिस थानों में दर्ज है गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे का एक खाश और भरोसेमंद साथी है जो ठाणे जिले के कल्याण तालुका में आम्बिवली पश्चिम में रहता है, जिसे लोग फैयाज हुसैन जाफरी उर्फ फैयाज बुलडोजर के नाम से जानते है। बताया जाता है कि इन कथिक पुलिस अधिकारियों को पुलिस विभाग का पहचान पत्र (आई कार्ड) गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे ने बनवाया है और इनका गिरोह अपने साथियों के साथ अक्सर महिलाओं के गहने उतरवाने में ज्यादा माहिर हैं, इनके काम करने का तरीका कुछ इस तरह से है जिन्हें असल पुलिस भी आज तक नहीं समझ पाई और इस विषय में गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे के साथी भी मानते है कि असल पुलिस इन कथिक पुलिस तक कभी नहीं पहुंच पाएगी। महिलाओं से उनके गहने यह कहकर उतार लेते है कि आगे बहुत बड़ा जातिवादी दंगा हो रहा है और तुम इतने गहने पहन कर जाओगी तो तुम्हे कोई भी मारकर तुम्हारे यह गहने उतर लेगा। मैं एक पुलिस अधिकारी हूं मेरा यह फर्ज है कि मैं आपको इस संकट से आगाह कराऊं और आपको मेरी यह बात माननी पड़ेगी। बुरा मत मानना आपकी भलाई के लिये आपको समझा रहा हूं। यह लो मेरा रुमाल इसमें सारे गहने उतार कर बांधलो। महिला



इन कथिक पुलिस अधिकारियों की बात सुन कर अपने शरीर के पूरे गहने उतार कर कथिक पुलिस अधिकारी के दिये हुये रुमाल में बांधती है, इसी बीच गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे या फिर उनका एक साथी इसी बीच रुमाल बांधने में उस महिला की मदत करते हुए अपनी जेब से दुसरा रुमाल निकल कर जिसमें पहले से नकली गहने बांधा हुआ रहता है, नकली गहनों से बांधा हुआ रुमाल उस महिला को देते हुये यह समझाते हैं कि यह गहने रस्ते में मत खोलना वर्ना कोई आपके गहने छीन लेगा। इसे अपने घर जाकर खोलना महिला उन कथिक पुलिस अधिकरी की बात मान लेती है और जब महिला अपने घर जाकर उस रुमाल को खोलती है तब उस महिला को उस रुमाल से नकली गहने मिलते है, इस पर महिला के घर में एक तरह का मातम छा जाता है और फिर वह महिला अपने स्थानिक पुलिस थाने जाकर मामले की शिकायत करती है। शिकायत करने से भी कोई मतलब नहीं१ होता। एक पुरानी कहावत है कि चिड़िया दाना चुग गई। इसी तरह यह कथिक पुलिस महिला की बरसों की मेहनत से बनाए हुए सारे गहने ले गए। अब बेचारे पुलिस अधिकारी इन कथिक पुलिस अधिकारियों को ढूंढने में पूरी ताकत लगा लेती है, लेकिन उन अपराधियों तक पहुंच पाना असल पुलिस के लिये बहोत कठिन होता है। यह कथिक पुलिस इनके हाथ कभी नहीं आते हर बार इन पुलिस अधिकारियों की पकड़ से दूर रहते हैं और इन कथिक पुलिस अधिकारियों के कारण हमारी महाराष्ट्र पुलिस की छवि इतनी धुंधली होती जा रही है, जिसे साफ करने के लिये असल पुलिस को बहुत भारी पड रहा है।

बताया जाता है कि गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे पर कई अपराधिक मामले दर्ज है, फिर भी गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे अपने साथियों के साथ आज भी खुलेआम घुमकर पुलिस के किरदार में अपने अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।

जानकारों के अनुसार गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे की चार पहिया वाहन को ऐसे ही एक बार विमानतल पुलिस (एयर पोर्ट पुलिस थाने मुंबई) थाने के




अधिकारियों ने रोका। उस वक्त यह कथिक पुलिस गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे असल पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस को गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे पर शक हो गया। शक के आधार पर जब पुलिस ने पूरे वाहन की तलाशी लिए जाने पर उस वाहन में नकली पुलिस का पहचान पत्र (आई कार्ड) गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे के नाम का मिला इसी के साथ पुलिस की पोशाक और पुलिस का डंडा मिला। इसी के आधार पर विमानतल पुलिस थाने में गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे पर विमानतल पुलिस थाने (एयर पोर्ट पुलिस थाने मुंबई) में गु.र.क्र. ५७ /१७ कलम १७१ भा.दं.वि.के तहत गुन्हा दर्ज किया गया।

कई जानकर यह भी बताते हैं कि महाराष्ट्र राज्य के उस्मानाबाद जिले में आने वाले परांडा पुलिस थाने के अंतर्गत एक रात एक अकेली लड़की रास्ते पर जा रही थी, उसके अकेलेपन का फायदा उठाकर पहले तो गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे ने उसे यह कहा कि तुम अकेली मत जाओ, रास्ते में कुछ भी हो सकता है, मैं एक पुलिस अधिकारी हूं। तुम मेरे साथ चलो मैं तुम्हे तुम्हारी मंजिल तक छोड़ दूंगा लड़की ने गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे की बात नहीं मानी। काफी देर तक गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे ने उस लड़की को बहलाने फुसलाने का काम किया लेकिन जब इस बात का एहसास गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे हो गया कि लड़की अब उसकी बातों में नहीं आने वाली है तब गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे ने लड़की को जबरन अपनी गाडी में बिठाना चाहा, लडकी के शोर-गुल मचाने पर आस-पास के कुछ लोग जमा हो गये। उन्होंने गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे को पकड़ कर पुलिस नियंत्रण कक्ष क्र. १०० पर पुलिस को बुलाकर गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने लड़की और गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे को पुलिस थाने ले जाकर लड़की का जवाब लिया। जवाब के आधार पर परांडा पुलिस थाने में गु.र.क्र. ०११०/१९ कलम ३५४.४५२.३२३ भा.दं.वि.के तहत गुन्हा दर्ज किया।

स्थानिक लोगों के अनुसार गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे अंधेरी परिसर के एक होटल में जाकर होटल मालिक से हर माह रुपए की मांग करता रहा। होटल मालिक ने हर बार रुपए देने से इंकार किये जाने पर गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे ने मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष क्र.-१०० पर हर बार अलग-अलग मोबाईल नम्बर से झूठी शिकायत करके होटल मालिक और पुलिस अधिकारियों को काफी दिनों तक परेशान करता रहा। इस पर भी जब गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे की बात नहीं बनी तब जाकर एक दिन गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे खुद होटल पर जाकर मैनेजर से झगडा करने लगा। उसी वक्त होटल मैनेजर ने अपनी मदत के लिए पुलिस बुलाया। पुलिस ने खुद आकर गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे की नौटंकी देख कर उस पर गु.र.क्र. ७७१ /१९ कलम १४३.१४७.१४९.३२३.५०४.५०६ भा. दं.वि. के तहत अंधेरी पुलिस थाने में गुन्हा दर्ज किया।

करीबी जानकार यह भी बताते हैं कि गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे अक्सर मसाज पार्लर में जाया करता है और मसाज पार्लर मालिक से अपना परिचय इस तरह देता है कि मैं एक पुलिस अधिकारी हूं और मैं इस इलाके में खुफिया काम पर हूं मुझे घर जाने का समय नहीं मिलता है तो क्या आप अपने स्पा में मुझे नहाने धोने दोगे। आप जो चाहो रुपए ले लो इस पर मसाज पार्लर मालिक भी यह सोच कर गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे को नहाने धोने की इजाजत देता है कि चलो एक पुलिस अधिकारी बेचारा चौबीसो घंटा अपने परिवार को छोड़ कर आखिर किसके लिए यहां तैनात है? पुलिस आखिर हमारे हितों के लिए ही तो काम कर रही है ? लेकिन मसाज पार्लर यह नहीं पता होता है कि जिसे हम अपने स्पा में नहाने धोने की अनुमति दी है, वह एक बहरुपिया और कथिक पुलिस अधिकारी हैं यह कभी घर नहीं जाता है। इस पर इतने पुलिस थानों में गुन्हे दर्ज है। इसलिए इधर उधर इसी तरह पुलिस बन कर नहाता धोता है और वहां स्पा में काम करने वालों से यह कहता है कि मैं बहुत थक गया हूं। मेरी मसाज कर दो उनमें से एक लड़की इंसानियत के नाते गुरु सिद्धप्पा अंबादास वाघमारे की मसाज करती है।

(पेज ७ पर....)

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक,मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स,४९६,पंचशील नगर-१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं-३, तिलक नगर, चेम्बुर,मुंबई-४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू),मुंबई-४०००८३ से प्रकाशित किया ।
संपादक- सिराज चौधरी मो. ९७७३६२२९६७